प्रेस नोट
दिनांक : 20.08.2025

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा कजरीतीज त्यौहार की तैयारियों के दृष्टिगत दुःखहरण नाथ मंदिर का किया गया निरीक्षण, सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा कर सभी संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

गोण्डा। आज दिनांक 20.08.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा कजरी तीज त्यौहार की तैयारियों के अंतर्गत दुःखहरण नाथ मंदिर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा दुखहरण नाथ मंदिर पर लगी बैरिकेडिंग, बैरियर एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का अवलोकन कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।कजरी तीज त्यौहार पर परंपरागत रूप से श्रद्धालुओं द्वारा बड़े पैमाने पर कांवड़ यात्रा/शोभा यात्रा निकाली जाती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु सरयू घाट से जल भरकर दुःखहरण नाथ मंदिर, पृथ्वीनाथ एवं जनपद के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस एवं महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और निगरानी हेतु प्रमुख शिवालयों के आसपास अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं तथा त्यौहार के दिन भीड़ नियंत्रण और निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जाएगा। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एंटी-रोमियो टीमों का गठन किया गया है। यातायात व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु रूट डायवर्जन प्लान तैयार कर लिया गया है। भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ही सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मी तथा महिला पुलिस की संयुक्त टीमें भी लगाई जाएंगी। इस दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी एवं ड्रोन कैमरों से निरंतर निगरानी रखी जाएगी।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
साइबर जागरूकता अभियान
दिनांक 20.08.2025

ऑपरेशन "साइबर कवच" के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा आम जनमानस को साइबर अपराध से बचाव हेतु किया गया जागरूक-

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर जागरुकता अभियान ऑपरेशन "साइबर कवच" के दृष्टिगत जनपद गोण्डा में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया । अभियान के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, ग्राम सभाओं, बाजारों, बैंकों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जनसभाओं का आयोजन कर नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, ओटीपी फ्रॉड, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया धोखाधड़ी जैसी घटनाओं से सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, cybercrime.gov.in पोर्टल व हेल्पलाइन नंबर 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की विधि की जानकारी भी दी गई। पुलिस कर्मियों द्वारा आमजन को यह भी बताया गया कि आजकल ठग APK file के ज़रिए लोगों को सरकारी स्कीम, निमंत्रण पत्र और लुभावने ऑफ़र के नाम पर लिंक भेजकर फंसाते हैं। इन्हें इंस्टॉल करते ही आपका डेटा और बैंकिंग जानकारी चोरी हो सकती है। इसलिए अनजान APK file कभी डाउनलोड न करें। किसी भी अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक या लुभावने ऑफर के झांसे में न आएं एवं अपने बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें।

साइबर सुरक्षा टिप्स-

01. ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें
02. किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें।
03. सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।
04. अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें।
05. अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें।
06. ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें।
07. पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें।
08. ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।
09. साइबर बुलिंग और साईबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें।
10. ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें।
11. साइबर क्राइम की रिपोर्ट करने के लिए हेल्प लाइन नम्बर 1930 का प्रयोग करें।

जनपदीय पुलिस का यह प्रयास है कि हर नागरिक साइबर अपराधों को पहचान सके और सतर्क रहकर खुद को तथा दूसरों को सुरक्षित रख सके।

मीडिया सेल, गोण्डा।